23

# अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,
# पथ निर्माण विभाग,पूर्व बिहार अंचल,भागलपुर।

E-mail.- seredebcbgp2@gmail.com

## निरीक्षण प्रतिवेदन

**दिनांक–28.11.2023** को अधोहस्ताक्षरी द्वारा पथ प्रमंडल, बांका के अन्तर्गत विभिन्न पथों का भौतिक स्थल निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निदेश दिये गये–

**उपस्थित पदाधिकारी :–**

(1) श्री राजेन्द्र कुमार राय, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर

(2) श्री रणधीर कुमार, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बांका

(3) श्री सुमन सौरभ, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, कटोरिया

(4) श्री अखिल कुमार, सहायक अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर

(5) श्री संजय कुमार सिंह, प्राक्कलन पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग, पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर

(6) श्री परमानन्द सिंह, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, बांका

(7) श्री रजीत कुमार, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, बांका

(1) भागलपुर–अमरपुर–बांका पथ (Km 16.00 to Km 44.30) (SH-25)- यह पथ SBD के दायित्व अवधि से मुक्त हो चुका है। पथ के कि०मी० 17 (रतनगंज) कि०मी० 25 (डुमरामा) एवं कि०मी० 26 (अमरपुर बाजार) में PQC के ऊपर Mastic Asphalt का कार्य पूर्व में किया गया था। वर्त्तमान में इन पथांश भागों में पथ परत में कई जगहों पर Cracks उत्पन्न हो गये है। पथ के विभिन्न कि०मी० में Pots उत्पन्न हो गये है तथा Flank की मरम्मति भी आवश्यक है। पथ में पूर्व में लगाये गये Road Signage Faded हो गये है। कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बांका द्वारा मुख्यालय के निर्देश पर मरम्मति हेतु प्राक्कलन गठित किया गया है, जिसे इस कार्यालय पत्रांक–1152 (अनु0) दिनांक–01.11.2023 द्वारा मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को समर्पित किया गया है।

(2) बांका–संथाल परगना भाया जयपुर जमदाहा पथ (Km 0.00 to Km 20.00)- इस पथ में RCPLWEA योजना अन्तर्गत कार्य कराया जा रहा है। पथ के प्रथम कि०मी० में 510 m BM का कार्य किया गया है, शेष 490 m में PQC का कार्य पूर्ण है। संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता को प्रथम कि०मी० में कराये गये BM कार्य के ऊपर SDBC विशिष्टियों के अनुरूप शीघ्र कराने हेतु निदेशित किया गया। पथ के द्वितीय कि०मी० में SDBC का कार्य पूर्ण है। पथ के प्रथम एवं द्वितीय कि०मी० में Road Marking का कार्य कराया गया है। पथ के Flank में मिट्टी कार्य समुचित Compaction के साथ कराने एवं पथ के चैनेज 3.117 कि०मी० में कराये गये SDBC कार्य की मरम्मति हेतु निदेशित किया गया। पथ के 5वें एवं 6ठें कि०मी० में अवशेष 180 m WMM एवं Bituminous कार्य शीघ्र कराने का निदेश दिया गया। पथ के 7वें कि०मी० में चैनेज सं0–6.855 से 6.955 तक कराये गये SDBC कार्य में सुधार की आवश्यकता है। पथ के कि०मी० 3, 4, 5, 6 में कुल स्वीकृत 690 m PQC का कार्य पूर्ण है। पथ के 8वें कि०मी० में BT कार्य 584 m एवं PQC कार्य 416 m में पूर्ण किया जा चुका है। पथ के 9वें कि०मी० में अवशेष 100 m छूटे हुए Bituminous कार्य को शीघ्र कराने हेतु निदेशित किया गया। पथ के 10वें कि०मी० में 448 m SDBC कार्य को शीघ्र कराने हेतु निदेश दिया गया। पथ के कि०मी० 10, 11, 12 एवं 13 में कुल स्वीकृत 963 m PQC कार्य पूर्ण है। पथ के 11वें कि०मी० में 814 m, पथ के 12वें कि०मी० में 700 m की लंबाई में SDBC कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु संबंधित अभियंता को निदेश दिया गया। पथ के 14वें कि०मी० में 1000 m की लंबाई में कराये गये WMM कार्य के ऊपर Bituminous कार्य शीघ्र कराने हेतु निदेश दिया गया। पथ के 15, 16, 17, 18 कि०मी० में स्वीकृत 1.888 कि०मी० लंबाई में PQC कार्य पूर्ण है। उपरोक्त कि०मी० के अवशेष 2.112 कि०मी० में WMM एवं Bituminous कार्य शीघ्र कराने हेतु निदेश दिया गया।

पथ के 19 एवं 20 में कुल 1.905 कि०मी० की लंबाई मे WMM एवं Bituminous कार्य बाकी है। पथ के उपरोक्त वर्णित अवशेष कार्यो को शीघ्र कराने एवं प्रतिदिन के प्रगति की जानकारी अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करने हेतु निदेश दिया गया।

(3) <u>बांका–संथाल परगना भाया जयपुर जगदाहा पथ के कि०मी० 33 में 9 x 16 m RCC HL Bridge निर्माण कार्य</u>– यह कार्य RCPLWEA योजना अन्तर्गत कराया जा रहा है। निरीक्षण के समय पाये गया कि दो Span में Deck Slab निर्माण का कार्य बाकी है। निरीक्षण के समय पाया गये Oversized Stone Aggregate को तत्काल कार्य स्थल से हटाने एवं स्वीकृत विशिष्टियों के अनुरूप Stone Aggregate को उपयोग में लाने हेतु उपस्थित सहायक अभियंता श्री सुमन सौरभ एवं संवेदक के Site Incharge को निदेशित किया गया। संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता को कार्य में तेजी लाने हेतु निदेशित किया गया। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि आठवें Span के Deck Slab की Casting 03.12.2023 को की जानी है।

(4) <u>सुल्तानगंज–तारापुर–बेलहर–कटोरिया–दर्दमारा पथ</u> (Km 40.00 to Km 98.86) (SH-22) - वर्तमान में इस पथ में M/R अन्तर्गत स्वीकृत Pot Patch का कार्य कराया जा रहा था, जिसमें प्रयुक्त किये जा रहे BC के Grading मे सुधार लाने हेतु निदेशित किया गया तथा उत्पन्न Pots को Proper Shape (Rectangular/Square) में Cutting कर Patch कराने का निदेश संबंधित सहायक अभियंता को कार्यस्थल पर दिया गया।

(5) <u>सुल्तानगंज–तारापुर–बेलहर–कटोरिया–दर्दमारा पथ के 76 कि०मी० में दरवासन River Bridge का मरम्मति कार्य</u> - इस River Bridge पर मरम्मति का कार्य किया जा रहा है, जिसे स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप कराने हेतु संबंधित सहायक अभियंता को निदेश दिया गया। निरीक्षण के समय Bridge के FI Post के Painting का कार्य किया गया है। पथ के दोनों तरफ Approach में भी FI Post लगाया जाना है। इस कार्य में मुख्यता इस River Bridge के Floor Protection का कार्य किया जाना है। इस हेतु संबंधित सहायक अभियंता को निदेश दिया गया कि कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

ह०/-
अधीक्षण अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर।

ज्ञापांक– 1231 भागलपुर/दिनांक– 29.11.23

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि निरीक्षण के क्रम में दिये गये निदेश का अनुपालन ससमय सुनिश्चित कराते हुए अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करें।

29/11/23
अधीक्षण अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर।
29/11/23